Marketing / Public Relations Deptt., 16th Floor, Chandermukhi, Nariman Point, Mumbai – 400 021

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने 111वां स्थापना दिवस मनाया

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने 21 दिसंबर 2021 को पूरे भारत में अपना 111वां स्थापना दिवस मनाया. इस शुभ अवसर पर श्री एम वी राव प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री आलोक श्रीवास्तव, कार्यपालक निदेशक , श्री राजीव पुरी, कार्यपालक निदेशक और बैंक के अन्य अधिकारियों ने बैंक के संस्थापक "सर सोराबजी पोचखानावाला" को उनके कॉर्पोरेट कार्यालय नरीमन पॉइंट मुंबई में पुष्पांजलि अर्पित की.

बैंक के संस्थापक सर सोराबजी पोचखानावाला की एक नई स्थापित प्रतिमा का अनावरण बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम वी राव तथा बैंक के संस्थापक की पोती डॉ. पीलू हकीम ने बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय नरीमन पॉइंट, मुंबई में किया.

इस अवसर पर हमारे प्रतिष्ठित ग्राहकों के लिए अनेक अनुकूलित उत्पादों की शुरुवात की गयी, जैसे कि संशोधित कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग पोर्टल, संशोधित सेन्ट एम-पासबुक ऐप, डेबिट कार्ड में ई-मैंडेट, रुपे बिजनेस कार्ड, सेन्ट संजीवनी और सेन्ट गो-ग्रीन वाहन ऋण आदि. कर्मचारियों के लिए नई पहल भी शुरू की गई.

111वें स्थापना दिवस समारोह में बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम.वी राव ने उपस्थितजनों को संबोधित किया और सभी सेन्ट्रलाइट साथियों और उनके परिवारों को अपनी शुभकामनाएं दीं. लॉन्च किए गए विभिन्न ग्राहक केन्द्रित उत्पादों पर जोर देते हुए, उन्होंने बैंक के सभी कर्मचारियों से समकक्ष बैंकों के बीच अपनी स्थिति में सुधार के लिए पूर्ण उत्साह के साथ कार्य करने हेतु आहवान किया. इसके अलावा उन्होंने सभी सभी सेन्ट्रलाइट साथियों को याद दिलाया कि अस्तित्व का उद्देश्य प्रथागत नहीं है बल्कि इसे एक कर्तव्य के रूप में लिया जाना चाहिए.

इस पावन अवसर पर संस्थापक सर सोराबजी पोचखानावाला की पोती डॉ. पीलू हकीम ने हर साल स्थापना दिवस समारोह में संस्थापक के परिवार को याद करने के लिए बैंक प्रबंधन को धन्यवाद दिया और बैंक के 111वें स्थापना दिवस पर अपनी शुभकामनाएं भी दीं.

फोटो विवरण - बाएँ से दायें डॉ. पीलू हकीम, संस्थापक की पोती. श्री एम वी राव प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री राजीव पुरी, कार्यपालक निदेशक एवं श्री आलोक श्रीवास्तव, कार्यपालक निदेशक

xxxxxxxxxxxxxxxxxx